प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 02.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल हर राजनेता के लिए प्रेरणा हैं। वडोदरा के सादली गाँव में सरदार गाथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जहाँ कुछ दलों ने इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कम करने का प्रयास किया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाकर उनके विचारों की विरासत को अगली पीढ़ियों तक पहुँचाने का निर्णय लिया।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा छत्तीसगढ़ के एक सट्टा ऐप की तर्ज पर झारखंड के युवाओं को सट्टेबाजी की ओर धकेला जा रहा है और पलामू में 40,000 करोड़ के सट्टा नेटवर्क का उद्भेदन होना चिंताजनक है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि पलामू कोयला और ज़हर तस्करी के साथ अब बड़े सट्टेबाज़ी नेटवर्क के कारण नए आपराधिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। श्री मरांडी ने हेमंत सरकार पर अवैध लॉटरी और सट्टेबाजी को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए युवाओं को नशे और जुए की लत से बचाने के लिए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

****

प्रवर्तन निदेशालय ईडी रांची के चार्टर्ड अकाउंटेंट नरेश केजरीवाल के रांची, मुंबई और सूरत स्थित 15 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह झारखंड में फेमा के तहत ईडी की पहली कार्रवाई है, जिसमें उनके आवास, रांची के चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय और सहयोगियों के परिसरों को शामिल किया गया है। आयकर विभाग की पूर्व छापेमारी में मिले तथ्यों के आधार पर यह जांच शुरू हुई थी। प्रारंभिक जांच में केजरीवाल द्वारा दुबई, अमेरिका और अन्य देशों में नियमों का उल्लंघन कर विदेशी निवेश किए जाने के सबूत मिले हैं।

****

उपराजधानी दुमका में एचआईवी संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिले में इस संक्रमण की जांच, उपचार और रोकथाम के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

पलामू पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनएच–39 पर एक वाहन से 101 किलो मादक पदार्थ डोडा बरामद किया। एसपी रिष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि यह कार रांची के बुंडू से मादक पदार्थ लेकर आ रही थी, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए यूपी के दो निवासियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

****

हजारीबाग दारु थाना क्षेत्र के बड़वार बिरहोर टंडा में पुलिस ने कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ जन–जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में अवैध अफीम की खेती के दुष्परिणाम, यातायात नियमों का पालन और नाबालिगों को वाहन नहीं सौंपने जैसे विषयों पर ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने मॉब लिंचिंग को गंभीर अपराध बताते हुए कानून अपने हाथ में न लेने की अपील की।

****

राज्य में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं 15 दिसंबर से शीतलहर चल सकती है, जिससे राजधानी का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

*********समाप्त**********